पत्रांक–अ०सं०क०–02–ग–आ०वि०स्था०–05/2026 ..../

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

प्रेषक,

डा० अमीर आफाक अहमद फैजी
विशेष सचिव–सह–निदेशक

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक....................

विषयः– **बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, कटिहार, जमुई, नालन्दा, मुजफ्फरपुर एवं कैमूर के अतिरिक्त सुपौल, सिवान, मुंगेर, पुर्णिया एवं सहरसा में वर्ष 2026–27 में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन प्रकाशन करने के संबध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, कटिहार, जमुई, नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं कैमूर के अतिरिक्त सुपौल, सिवान, मुंगेर, पुर्णिया एवं सहरसा में वर्ष 2026–27 में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं का निःशुल्क नामांकन किया जाना है। नामांकन हेतु प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापन प्रकाशन की सामग्री (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सहित) संलग्न है।

अनुरोध है कि इसका प्रकाशन राज्य के प्रमुख दो हिन्दी एवं दो उर्दू समाचार पत्रों तथा प्रत्येक जिलों के दो हिन्दी एवं दो उर्दू संस्करण के समाचार पत्रों में अतिशीघ्र कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–

विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांकः–अ०सं०क०–02–ग–आ०वि०स्था०–05/2026 1309 पटना, दिनांक 07.04.26

प्रतिलिपि :– सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, कटिहार, जमुई, नालन्दा, मुजफ्फरपुर, कैमूर, सुपौल, सिवान, मुंगेर, पुर्णिया एवं सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि हिन्दी एवं उर्दू समाचार पत्रों में प्रचार प्रसार कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– NIC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :–श्रीमती जयन्ति, विभागीय नोडल पदाधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–आई०टी०मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष सचिव–सह–निदेशक
7/4